CLASS 7

SCIENCE OLYMPIAD FOUNDATION

SAMPLE PAPER 2026-27

अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

IHO

SOF INTERNATIONAL HINDI OLYMPIAD

कुल प्रश्न : 50 | समय : 1 घंटा

पैटर्न तथा अंक योजना			
खंड	(1) शब्द और व्याकरण बोध	(2) रचनात्मक बोध	(3) मेधावी खंड
प्रश्नों की संख्या	35	10	5
अंक प्रति प्रश्न	1	1	3

पाठ्यक्रम

खंड-1: भाषा-विचार, वर्ण-विचार, शब्द एव वाक्य, संधि एवं समास, शब्द-भंडार, उपसर्ग एवं प्रत्यय, संज्ञा, सर्वनाम एवं विशेषण, काल, क्रिया एवं कारक, लिंग एवं वचन, अविकारी शब्द, अशुद्धि संशोधन एवं विराम-चिह्न, गिनती एवं महीनों के नाम, भारतीय साहित्य एवं संस्कृति

खंड-2: अपठित गद्यांश, अपठित पद्यांश, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

खंड-3: उच्चतर क्रम सोच कौशल आधारित प्रश्न– खंड 1 और 2 के पाठ्यक्रम के अनुसार

शब्द और व्याकरण बोध

1. संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा ________ को दिया गया।
(क) 14 सितंबर, 1950 (ख) 14 सितंबर, 1949
(ग) 15 अगस्त, 1947 (घ) 26 जनवरी, 1950

2. निम्नलिखित में से 'उज्ज्वल' शब्द किन वर्णों के संयोजन से बना है?
(क) ऊ + ज् + ज् + व् + अ + ल् + अ (ख) उ + ज् + ज् + व् + अ + ल् + आ
(ग) उ + ज् + ज् + व् + अ + ल् + अ (घ) ऊ + ज् + ज् + व् + आ + ल् + आ

3. निम्नलिखित में से 'दिगंबर' का संधि-विच्छेद कौन-सा है?
(क) दिगं + बर (ख) दिग + अंबर (ग) दिक् + अंबर (घ) दिगा + अंबर

4. निम्नलिखित में से ________ शब्द जातिवाचक संज्ञा शब्द नहीं है।
(क) पुरुष (ख) फल (ग) मनुष्य (घ) भारत

5. 'मेरी माँ स्वादिष्ट खाना बना रही हैं।' इस वाक्य में कौन-सा काल है?
(क) वर्तमान काल (ख) भूतकाल (ग) भविष्यत काल (घ) इनमें से कोई नहीं

6. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाविशेषण का भेद नहीं है?
(क) स्थानवाचक (ख) भाववाचक (ग) रीतिवाचक (घ) परिमाणवाचक

रचनात्मक बोध

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 7 और 8 के उत्तर दीजिए–
चला गया जो समय लौटकर, कभी नहीं फिर आता,
सदा समय को खोने वाला, कर मल-मल पछताता।

जिसने इसे न माना, इसको जिसने भी ठुकराया,
लाख यत्न करने पर भी, हाथ न उसके आया।
हो जाता है एक घड़ी के लिए जन्म भर रोना,
समय बहुत ही मूल्यवान है, व्यर्थ कभी मत खोना।
धन खो जाता, श्रम करने से फिर मनुष्य है पाता,
स्वास्थ्य बिगड़ जाने पर, उपचारों से है बन जाता।
विद्या खो जाती, फिर भी पढ़ने से है आ जाती,
लेकिन खो जाने से मिलती नहीं समय की थाती।
जीवन भर भटको, छानो, दुनिया का कोना-कोना,
समय बहुत ही मूल्यवान है, व्यर्थ कभी मत खोना।

7. समय को खोने वाला क्या करता है?
(क) हाथ मल-मलकर पछताता रह जाता है। (ख) दुनिया में भटकता रहता है।
(ग) लाख यत्न करता है। (घ) (क) और (ख) दोनों

8. दिए गए पद्यांश के अनुसार क्या खोने पर दोबारा प्राप्त हो जाता है?
(क) मूल्य (ख) समय (ग) दुनिया (घ) धन और विद्या

मेधावी खंड

9. समास के भेदों के आधार पर उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(अ)	माता-पिता	(i)	द्विगु समास
(ब)	नवरत्न	(ii)	द्वंद्व समास
(स)	देशभक्ति	(iii)	अव्ययीभाव समास
(द)	बेशक	(iv)	तत्पुरुष समास

(क) (अ)-(iii), (ब)-(ii), (स)-(i), (द)-(iv)
(ख) (अ)-(iv), (ब)-(ii), (स)-(iii), (द)-(i)
(ग) (अ)-(ii), (ब)-(iii), (स)-(iv), (द)-(i)
(घ) (अ)-(ii), (ब)-(i), (स)-(iv), (द)-(iii)

10. कॉलम I का कॉलम II से मिलान कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–

	कॉलम I		**कॉलम II**
(अ)	स्वर	(i)	इनके उच्चारण में हवा नाक और मुख दोनों से निकलती है।
(ब)	व्यंजन	(ii)	इनका प्रयोग केवल संस्कृत के तत्सम शब्दों में होता है।
(स)	विसर्ग	(iii)	इनके उच्चारण के लिए स्वरों की सहायता लेनी पड़ती है।
(द)	अनुनासिक	(iv)	ये स्वतंत्र होते हैं।

(क) (अ)-(iv), (ब)-(iii), (स)-(ii), (द)-(i)
(ख) (अ)-(i), (ब)-(iii), (स)-(ii), (द)-(iv)
(ग) (अ)-(ii), (ब)-(iii), (स)-(iv), (द)-(i)
(घ) (अ)-(iv), (ब)-(ii), (स)-(iii), (द)-(i)

उत्तर कुंजी

1. (ख) 2. (ग) 3. (ग) 4. (घ) 5. (क) 6. (ख) 7. (क) 8. (घ) 9. (घ) 10. (क)